# कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग मन्दसौर

E-mail ID :- eeresmandsaur@mp.gov.in

## निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक – 02/2026–27

जावक क्रमांक/ 662 /ग्रा.यां.से./वलेलि./2026–27

मन्दसौर, दिनांक 12-05-2026

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु केन्द्रीय ई–पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत 'केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से दो लिफाफा पद्धति पर, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित निविदा प्रपत्र एपेडिंक्स 2.10 पर Key Date अनुसार सिविल निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की निम्न तालिका में उनके सम्मुख उल्लेखित दिनांक से प्रभावशील एवं निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा आफिशियल पोर्टलhttps://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| स.क्र. | ऑनलाइन टेण्डर आईडी | कार्य का नाम | जिले का नाम | अनुमानित लागत (राशि रूपये में) | धरोहर राशि (राशि रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रु. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य को पूर्ण करने की समयावधि | निविदा आमंत्रण का क्रम | लागू दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2026_RES_506951_ | जनजातीय सिनियर बालक छात्रावास पिपल्यामंडी 185 मीटर बाउण्ड्रीवाल निर्माण ज.प. मल्हारगढ | मन्दसौर | 1737415 | 34748 | 2000 | 'केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत | 06 माह वर्षाकाल सहित | द्वितिय | 11-04-2022 |

नोट :– 1. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों को निविदा प्रपत्र एवं ईएमडी में छूट नहीं है।

**निविदा की सामान्य शर्ते :–**

1 निविदा प्रपत्र का क्रय आनलाईन https://mptenders.gov.in के माध्यम से निर्धारित शुल्क का भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं तथा अमानत राशि (ईएमडी) ऑनलाइन भुगतान करना होगी।

2 निविदा एवं निविदा अमानत राशि (ईएमडी) ऑनलाइन रसीद, पंजीयन की मूल प्रति की स्केन कॉपी, निविदाकार का पेन कार्ड की स्केन कॉपी, जीएसटी रजिस्ट्रेशन की स्केन कॉपी,आयकर चुकता प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की सत्यता हेतु रू. 200/– के नॉन–ज्यूडिशियल स्टॅाम्प पर नोटराईज्ड शपथ–पत्र की स्केन कॉपी/वाणिज्य कर विभाग का चुकता प्रमाण पत्र की स्केन कॉपी ऑनलाइन प्रस्तुत करना होगें। समस्त दस्तावेज नियमानुसार पाये जाने पर ही फायनेंशियल बिड (वित्तीय प्रस्ताव) खोली जावेगी।

3 म.प्र.शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक 7409/22/वि–10/ग्रायांसे/2024, भोपाल, दिनांक 05/11/2024 में दिये गये निर्देश अनुसार निविदा दर एस.ओ.आर. से 10 प्रतिशत कम से भी कम दर को अव्यवहारिक दर मानी जावेगी, जिसमें अनुबंध के पूर्व सफल ठेकेदार से एस.ओ.आर. से 10 प्रतिशत कम से अधिक कमी के निविदा प्रतिशत के अंतर की अतिरिक्त परफॉरमेंस गांरटी ली जावेगी,

4 ठेकेदार कार्यस्थल का निरीक्षण निविदा प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के पूर्व कर लेवें।

5 पूर्ण निविदा प्रस्ताव ऑनलाईन दिनांक एवं समय के अनुसार मान्य किये जावेगे।

6 ठेकेदार अमानत राशि कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के पक्ष में देय हो तथा कार्यावधि के लिये जमा हो, मान्य की जावेगी।

7 निविदा स्वीकृत करने व अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

8 कार्य में किसी भी प्रकार का विलंब होने पर अथवा किन्ही भी परिस्थितियों में मूल्य वृद्धि देय नही होगी।

9 अंतिम देयक के भुगतान के पूर्व खनिज गौण संपदा का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

10 कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री का उपयोग निविदा दस्तावेज मे उल्लेखित मेन्डेटरी टेस्ट सूची अनुसार प्रयोगशाला परीक्षण कराये जाने के उपरांत किया जावे।

11 विभाग द्वारा निर्धारित स्पेशीफिकेशन के अनुसार निर्माण कार्य संपादित कराना अनिवार्य होगा।

12 निविदा से संबंधित किसी भी वाद–विवाद पर सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

13 कार्य करने के दौरान किसी भी श्रमिक की दुर्घटना का उत्तरदायित्व संबंधित ठेकेदार का होगा।

14 विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण/वनक्षेत्र आदि में लागू नियमों के पालन का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।

15 निर्माण से संबंधित संरचनात्मक (स्ट्रक्चरलर) आर.सी.सी. डिजाईन का कार्य सम्पादन के पूर्व ठेकेदार द्वारा संबंधित कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से अनुमोदन कराया जाना होगा।

16 निविदाकार या फर्म के द्वारा एक कार्य की एक से ज्यादा निविदा प्रस्तुत नहीं की जावेगी। प्रत्येक कार्य के लिये निविदाकार के द्वारा पृथक से निविदा प्रस्तुत की जावेगी।

17 यदि कोई ठेकेदार एक से अधिक फर्मो में पार्टनर अथवा प्रोप्राइटर हो तो ऐसी फर्मो द्वारा एक ही कार्य के लिये अलग–अलग निविदा प्रस्तुत नहीं की जावें। अन्यथा फर्मो द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

18 निविदा से संबंधित अन्य जानकारी (ड्राईंज, डिजाईन एवं शर्तें ) कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

19 परफामेन्स सिक्यूरीटी के रुप में ठेके की राशि का 5 प्रतिशत राशि की एफडीआर संबंधित कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के पक्ष में अनुबंध करते समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगी।

20 सिक्यूरिटी डिपोजिट के रूप में 5 प्रतिशत राशि देयक से काटी जावेगी, जो डिफेक्टीव लायबिलिटी की गारंटी अवधि कार्य पूर्णता की तिथि के 24 माह पश्चात नियमानुसार वापस की जावेगी।

21 अनुबंधानुसार ठेकेदार से डिफेक्ट लायबिलिटी पिरियड में समय–समय पर संधारण कार्य कराया जावें। अन्यथा की स्थिति में सुरक्षा निधि राजसात करते हुए, उस राशि से संधारण कार्य कराया जावेगा।

Signature Not Verified
Digitally signed by SOHAN LAL NINAMA
Date: 2026.05.18 13:09:50 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

Key Dates :

**TENDER TIME SCHEDULE**

| S.No. | | Start Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Purchase of Tender Start Date : | 19/05/2026,10.30 AM |
| 2 | Bid Submission End Date : | 28/05/2026,17.30 PM |
| 3 | Mandatory (Envelope - A) Open Date : | 01/06/2026,10.30 AM |
| 4 | Financial Bid (Envelope C) Open Date : | 01/06/2026,14.30 PM |

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मन्दसौर

**जावक क्रमांक/ 663 /ग्रा.यां.से./वलेलि/2026–27**

**मन्दसौर दिनांक** 12-05-2026

प्रतिलिपिः–

1 प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा पंचम तल अरेरा हिल्स भोपाल म.प्र.।

2 मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, परिक्षेत्र इंदौर म.प्र.।

3 कलेक्टर जिला–मन्दसौर

4 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत– मन्दसौर

5 कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मन्दसौर ।

6 कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग उज्जैन/देवास/शाजापुर/आगर मालवा/रतलाम/मंदसौर/नीमच

7 प्रान्ताध्यक्ष, म.प्र.शासकीय ठेकेदार एसोसियेशन–32, सुन्दर नगर पिपलानी, बी.एच.ई.एल. भोपाल।

8 तकनीकी कक्ष/लेखा परीक्षक मंदसौर

9 नोटिस बोर्ड।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मन्दसौर